

DR. BHARATHI VISHNUVARDHAN

Dr. Bharathi Vishnuvardhan is a celebrated film actor. Her film career spans more than five decades in which she has acted in five Indian languages that include Kannada, Tamil, Telugu, Malayalam and Hindi.

2. Apart from pursuing her film career, Dr. Vishnuvardhan along with her husband, a legendary actor Dr. Vishnuvardhana, has established 'Vibha Charitable Trust' in 2009 to channelize her philanthropic endeavour. Under the auspices of Vibha Charitable Trust, she has taken up several initiatives for the marginalized in education, health and environment sectors and for promotion of art, sports, music and film-education.

3. Born on August 15, 1950, Dr. Vishnuvardhan entered the celluloid world at a very young age and attained legendary status within a very short span of time winning the hearts of millions of admirers. She displayed tremendous acting prowess working alongside topmost heroes of her time and soon became a much sought after heroine reaching the pinnacle of success.

4. Dr. Vishnuvardhan has held various honorary posts such as Chairman of the Karnataka Handicraft Development Corporation Ltd. In 1980-1981 and Chairman of Regional Censor Board in 2007-2008. She won the National award for Best Acting for her portrayal in the Kannada film 'Sandhyaraaga' in 1966-67. She also won the State Award for Best Actress for her role in the Kannada film titled 'Sri Krishnadearaya' in 1969-70. Some of her other awards include the 'Rajyotsava Award', Nageshwar Rao Life Time Achievement Award, Kittur Rani Chennamma Award (2010-2011) and Kempegouda Award (2011-2012). A number of prominent institutions have also recognized her exemplary contribution to films. The Karnataka State Open University, Mysuru has conferred Hon. Doctorate on her in 2009-2010.

5. Dr. Vishnuvardhan is known for her acting talent, hard work, dedication, commitment, modesty and love towards the art. She still continues to inspire people of all ages because of her dignified presence, elegance and social work.



डॉ. भारती विष्णुवर्धन

डॉ. भारती विष्णुवर्धन एक जानी-मानी फिल्म कलाकार हैं। आपका फिल्म कलाकार का जीवन पांच दशकों से अधिक रहा है जिसमें आपने कन्नड़, तमिल, तेलगू, मलयालम और हिंदी सहित पांच भारतीय भाषाओं में अभिनय किया है।

2. अपने फिल्मी जीवन में कार्य करने के अलावा, आपने अपने पति डॉ. विष्णुवर्धन, जो एक सुविख्यात कलाकार हैं, के साथ मिलकर परोपकारी कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए वर्ष 2009 में "विभा चैरिटेबल ट्रस्ट' की स्थापना की। विभा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में, आपने शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्र में कमजोर तबके के लोगों के लिए और कला, खेलकूद, संगीत और फिल्म शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक पहलें शुरू की हैं।

3. आपका जन्म 15 अगस्त, 1950 में हुआ था और आपने इस रूपहले संसार में अपनी युवावस्था में कदम रखा ओर बहुत ही थोड़े समय में लाखों-लाख प्रशंसकों का दिल जीतकर प्रख्यात कलाकार का दर्जा प्राप्त कर लिया। आपने अपने समकालीन सर्वश्रेष्ठ नायकों के साथ कार्य करते हुए अपने कौशलपूर्ण विलक्षण अभिनय का प्रदर्शन किया है और शीघ्र ही, सफलता के शिखर पर पहुंचने वाली नायिकाओं में अपना स्थान बना लिया।

4. आपने कर्नाटक हस्तशिल्प विकास कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष और वर्ष 2007-08 में क्षेत्रीय सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष जैसे विभिन्न मानद पदों को सुशोभित किया है। आपको 1966-67 में 'सांध्यराग' कन्नड़ फिल्म में आपके सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। आपको वर्ष 1969-70 में "श्रीकृष्णादिराया" नामक कन्नड फिल्म में आपकी भूमिका के लिए सर्वोत्तम नायिका का राज्य पुरस्कार मिला। आपके कुछेक अन्य पुरस्कारों में "राज्योत्सव अवार्ड", नागेश्वर राव लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड, किट्टूर रानी चिन्नम्मा अवार्ड (2010-11) और केम्पेगौडा अवार्ड (2011-12) शामिल हैं। अनेक प्रख्यात संस्थानों ने भी फिल्मों में आपके अनुकरणीय अभिनय को सराहा है। कर्नाटक राज्य ओपन यूनिवर्सिटी, मैसूर ने आपको वर्ष 2009-10 में मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की।

5. आपको अपनी अभिनय कला, कठिन परिश्रम, समर्पण, प्रतिबद्धता, शालीनता और कला के प्रति अनन्य प्रेम के लिए जाना जाता है। आप अपने गरिमामय व्यक्तित्व, शिष्टता और सामाजिक कार्य की वजह से सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रेरित करती रही हैं।